Newspaper : Denik Jagran
Edition: Delhi | Date: 4th September, 2019 | Pg. : 06

सात प्रधानाचार्य,73 शिक्षक होंगे पुरस्कृत

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: शिक्षा निदेशालय ने शिक्षक दिवस पर दिए जाने वाले राज्य शिक्षक पुरस्कार 2019 की सूची जारी कर दी है। इस सूची में सात प्रधानाचार्य, सात उपप्रधानाचार्य और 73 शिक्षक शामिल किए गए हैं। शिक्षा निदेशालय राजधानी के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए हर वर्ष पुरस्कार 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर पुरस्कृत करता है। इस वर्ष सम्मान समारोह का आयोजन त्यागराज स्टेडियम में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित : कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया चुने गए शिक्षकों को सम्मानित करेंगे।

5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर दिए जाने वाले राज्य शिक्षक पुरस्कार 2019 की सूची शिक्षा निदेशालय ने की जारी

इस अवसर पर शिक्षा निदेशालय के अधिकारी व सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक भी मौजूद रहेंगे। सभी शिक्षकों को पुरस्कार, शॉल, मेडल, प्रमाण पत्र और 25 हजार रुपये की धनराशि दी जाएगी। चुने गए शिक्षक पुरस्कार के लिए उत्साहित हैं। उनका कहना है कि सरकार से इस तरह के पुरस्कार पाना उनके लिए बड़े ही गौरव की बात है। इससे उन्हें उनके काम के लिए जाना जाएगा।

संबंधित खबरें >> जागरण सिटी

पुरस्कार के लिए चयनित प्रधानाचार्य :

नाम	विद्यालय
नीति अरोड़ा	श्री वेंकटेश्वर इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-18, द्वारका
अलका कपूर	मॉडर्न पब्लिक स्कूल, बी ब्लॉक, शालीमार बाग
रचना सड्डी	सुमेरल जैन पब्लिक स्कूल, बी2 ब्लॉक, जनकपुरी
सुनीता गुप्ता	एयरफोर्स बालभारती स्कूल, लोधी रोड, नई दिल्ली
डॉ. दविंद्र	राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग
बिमलेश झा	डीएवी सेंटिनरी पब्लिक स्कूल, नरेला
अंजू चावला	राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय बी-1, वसंत कुंज